दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर बारह बजे तक लगभग सत्रह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। मतदान शाम चार बजे तक चलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चार जिलों– वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर और सीतामढ़ी में कुल एक सौ सत्तानवे मतदान केंद्र बनाए गये हैं। उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं। मतों की गिनती नौ दिसम्बर को होगी।

———————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि उसका लक्ष्य कम से कम तीन किलोमीटर क्षेत्र में डाकघर खोलना है। आज राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में संचार राज्यमंत्री चन्द्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में दस हजार पांच सौ से अधिक नये डाकघर खोले गये हैं। इनमें से नब्बे प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। उन्होंने कहा कि नये डाकघरों में से पांच हजार से अधिक वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में हैं। श्री पेम्मासानी ने यह भी कहा कि पिछले पांच वर्षों में डाक विभाग के किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में एक लाख पैंसठ हजार से अधिक डाकघरों में लगभग साढ़े चार लाख कर्मचारी काम कर रहे हैं।

———————————————————

आज विश्व मृदा दिवस है। विश्व खाद्य और कृषि संगठन ने खेती में मिट्टी की महत्ता की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए इस दिवस की घोषणा की है। इस अवसर पर पटना के बामेती सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सरकार किसानों को मिट्टी की जांच करवाकर उर्वरक के इस्तेमाल को प्रोत्साहन दे रही है। उन्होंने किसानों से खेतों

में पराली नहीं जलाने की अपील की। इस मौके पर प्रदेश की सभी पंचायतों में मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है और मिट्‌टी के स्वास्थ्य के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढोतरी हुयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि आठ दिसम्बर को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में, जबकि नौ दिसम्बर को राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————————

पटना के चर्चित जेठुली कांड के मुख्य आरोपी उमेश राय को पुलिस ने भारत–नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया है। उमेश राय पर पार्किंग विवाद को लेकर पचास राउंड से अधिक गोली चलवाने का आरोप है। गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

———————————————————

सारण जिले के चांदमारी गांव से पुलिस ने कुख्यात अपराधी अभिषेक कुमार को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी पिस्तौल बरामद किये गये हैं।

———————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र के पताही गांव के हरिटोला में आपसी विवाद में असामाजिक तत्वों ने मां–बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत सक्कडी गांव में एक शादी समारोह के दौरान लगभग बीस राउंड फायरिंग हुई। फायरिंग की इस घटना में एक व्यक्ति को गोली लगी है।

———————————————————

बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।